metting

शासी निकाय समिति बैठक दिनांक 01-06-2018.
कार्यविवरण

आज दिनांक 01-06-2018 को सायं 4.00 बजे श्री उमिया कन्या महाविद्यालय, रंगवासा, राऊ, इन्दौर (म.प्र.) की शासी निकाय समिति की बैठक महाविद्यालय के कक्ष क्र. G-16 में श्री ओमप्रकाश जी (सेठ) पाटीदार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक की सूचना सभी सदस्यो को दिनांक (23-05) 25-05-18 को प्रदाय की गई थी। सभी सदस्यो से सूचना प्राप्ति की O/c प्राप्त की गई थी।

बैठक में सर्वप्रथम उपस्थित सदस्यो का स्वागत श्री हरिनारायण पाटीदार द्वारा किया गया। तत्पश्चात बैठक प्रारम्भ हुई-

बैठक में निम्नांकित सदस्य उपस्थित हुए।

(1) श्री ओम प्रकाशजी पाटीदार (अध्यक्ष)
(2) श्री हरिनारायण जी पाटीदार सचिव/अध्यक्ष
(3) श्री महेन्द्रजी पाटीदार सदस्य
(4) श्रीमती इंदिराजी पाटीदार सदस्य
(5) श्रीमती डा. ममता ए. त्रिपाठी (महाविद्यालय शिक्षक प्रतिनिधि)
(6) डा. सरिता शर्मा (महाविद्यालय शिक्षक प्रतिनिधि)
(7) डा. आर. के. पाटीदार (सदस्य)
(8.) डा. अनुपमा छाजेड़ (प्राचार्य/सदस्य)

(1) बैठक अध्यक्ष की अनुमति से प्रारम्भ हुई। सर्वप्रथम शासी निकाय की पूर्व बैठक दिनांक 17-12-2016 के कार्य विवरण को पढ़कर सुनाया गया एवं कार्य की प्रगति से सदस्यो को अवगत कराया गया। सदस्योने विचार विमर्श कर पूर्व में लिये गये निर्णयो का अनुमोदन किया।

(2) शिक्षण सत्र 2018-19 महाविद्यालय प्रगति जानकारी विचार विमर्श — सत्र शासन एवं विश्व विद्यालय के निर्देशानुसार जुलाई 2017 मे प्रारम्भ हुआ। अध्यापन कार्य हेतु शासकीय निर्देशानुसार योग्य शिक्षको/प्राध्यापको को कार्य सौंपा गया। पूरे सत्र अध्यापन कार्य व्यवस्थित रूप से सम्पन्न हुआ। विश्व विद्यालय की परीक्षाओं का संचालन विश्वविद्यालय के नियमानुसार सम्पन्न हुई।

Principal
Shree Umiya Kanya Mahavidhyalay
Rangwasa (Rau) Indore (M.P.)

सत्र 2018-19 हेतु महाविद्यालय मे पढ़ाये जा रहे विषयो की मान्यता वृद्धि एवं नवीन विषय पी.जी. डिप्लोमा इन फैशन एन्ड डिजाइन की अनुमति हेतु म.प्र. उच्च शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित समय पर आवेदन किया गया एवं उच्च शिक्षा विभाग द्वारा निरंतरता एवं नवीन विषय पी.जी डिप्लोमा इन फैशन डिजाइन मे अनुमति प्रदान की गई।

उच्च शिक्षा विभाग की अनुमति के साथ महाविद्यालय मे पढ़ाये जा रहे विषयो की एवं नवीन विषय पी.जी. डिप्लोमा की अनुमति / निरंतरता हेतु देवी अहिल्या विश्वविद्यालय को निर्धारित शुल्क के साथ निर्धारित समय पर आवेदन किया गया।

(3) कोड क्र. 28 प्रक्रिया के पश्चात नियमानुसार सहा.प्रा. की नियुक्ति की जाने बाबद -

महाविद्यालय मे रिक्त पदो पर विश्वविद्यालय के नियमानुसार (यू.जी.सी के नियमानुसार) नियुक्ति हेतु समाचार पत्रो मे विज्ञापन जारी किया गया एवं प्राप्त आवेदनो का साक्षात्कार सम्पन्न कर नियमानुसार प्राध्यापको / सहा. प्राध्यापको का चयन कर नियुक्ति प्रदान कर अनुमोदन हेतु आवश्यक प्रपत्र दे.अ. विश्वविद्यालय को भेजे गये। - (समिति के सम्मुख चयन लिफाफे खोले गये)

(i) वाणिज्य - के रिक्त पद हेतु दिनांक 22-05-18 को दे.अ.वि. विद्यालय के जर्नलिज्म विभाग मे प्रातः 11.45 बजे साक्षात्कार सम्पन्न हुए। - साक्षात्कार समिति द्वारा डा. दिव्या शर्मा एवं डा. अदिती खंडेलवाल का चयन किया गया।

(ii) रसायन विज्ञान - के रिक्त पद हेतु दिनांक 24-05-18 को देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के जर्नलिज्म विभाग मे दोपहर 12:00 बजे साक्षात्कार सम्पन्न हुए। साक्षात्कार समिति द्वारा डा. अर्चना शर्मा का चयन किया गया।

Principal
Shree Umiya Kanya Mahavidhyalay
Rangwasa (Rau) Indore (M.P.)

(iii) बायोटेक्नालॉजी - के रिक्त पद हेतु दिनांक 24-05-18 को देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के जर्नलिज्म विभाग

में दोपहर 12:30 बजे सम्पन्न हुआ। साक्षात्कार समिति द्वारा डॉ. प्रकाश गुप्ता का चयन किया गया।

(iv) वाणिज्य – के रिक्त पद पर नियुक्ति हेतु दिनांक 29-9-17 को देवी अहिल्या विश्व विद्यालय के मीडिया विभाग में दोपहर 3:00 बजे साक्षात्कार सम्पन्न हुआ। साक्षात्कार समिति द्वारा डॉ. कविता जादव का चयन किया गया।

समिति ने विचार विमर्श कर चयन समिति द्वारा चयनित प्राध्यापकों को नियुक्ति प्रदान कर प्रकरण आवश्यक प्रपत्रों सहित विश्व विद्यालय को अनुमोदन हेतु भेजे जाने की अनुमति प्रदान की गई।

अध्यक्ष के धन्यवाद के बाद बैठक सम्पन्न हुई।

1 [signature] Patidar
2 [signature]
3 [signature]
4 Indira 1-6-18
5 डॉ. ममता [signature] त्रिपाठी 1/6/18
6 Sarita Sharma [signature] 01/06/18
7 [signature] Dr. Anupama Chhajed 1/6/18
8 [signature] 1-6-18

[signature]
Principal
Shree Umiya Kanya Mahavidhyalay
Rangwasa (Rau) Indore (M.P.)